## बम्हनी ग्राम पंचायत के कुदवारी गांव का मामला, जल जीवन मिशन के तहत दो वर्ष पहले हुआ था निर्माण

# शोपीस बनी पानी की टंकी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल, हैंडपंप से भी निकल रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

गांव में पानी की टंकी का निर्माण हुआ है लेकिन वह शोपीस बनी हुई है। ग्रामीणों को जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। हर घर जल की मंशा लिए गांव में पाइप लाइन का विस्तार भी कर दिया गया है। विडम्बना यह है कि शुद्ध पेयजल के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। मामला जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम कुदवारी का है। जहा टंकी बनने के बाद भी पानी नहीं मिलता है। कभी टंकी से सप्लाई चालू भी हो जाती है तो हफ्ते -15 दिनों बाद फिर बंद हो जाती है। इन दिनों टंकी को चालू किया गया तो घरों में दूषित पानी पहुँचा। ग्रामीणों ने शिकायत की लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

करीब 800 लोगों की आबादी वाले कुदवारी गांव में 177 परिवार के लोग रहते हैं। गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है। यह पानी टंकी बने हुए दो वर्ष से ज्यादा बीत गए। लेकिन कभी कभार ही ग्रामीणों को पानी मिल पा रहा है। विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की बेपरवाही के चलते यह योजना गांव में दम तोड़ती नजर आ रही है।



जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के संतान सिंह, अर्जुन कोल, नरेश नाई, धन्नू नाई, विनोद कोल, धन्नू कोल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की पानी की टंकी ऊपर से खुली हैं। ढक्कन नही बनाया गया। ऊपर का हिस्सा खुला होने से पक्षी टंकी के पानी में मर रहे हैं। पेड़ों की पत्तियां भी टंकी में भर रही है। हवा तूफान चलने पर मिट्टी भी पानी मे घुल रही है। टंकी से पानी चालू करने पर लोगों के घरों में दूषित पानी पहुँचा। पक्षियों के पंख भी पानी के साथ आ रहे है। पानी से बदबू भी आ रही थी। जिससे ग्रामीणों ने टंकी का पानी भरना बन्द किया। अब टंकी से पानी सप्लाई बंद है।

गांव की बड्डी बाई, दुर्गा बाई, सरोज बाई, सकुन बाई, मुन्नी बाई,चंदा बाई, पंजो बाई सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में 6 हैंडपंप भी लगे हैं। लेकिन सभी हैंडपंप चालू नहीं है। देर तक चलाने के बाद पानी निकलता है, वह भी मटमैला रहता है। पानी से बदबू आती है तो लोग पीने के लिए उपयोग नहीं करते हैं।हैंडपंपों के पास गन्दा पानी भी भरा होने से ग्रामीणों को दूषित पानी मिल रहा है।महिलाओं ने बताया कि उन्हें पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। दूर से ढोकर घरों तक पानी लाया जाता है।गर्मी में यह समस्या सबसे अधिक होती है। निस्तार के लिए भी पानी नहीं मिल पाता है। गांव में पानी की टंकी बनने से ग्रामीणों में खुशी थी, लेकिन पानी नहीं मिलने से निराश हैं।

### ऐसा मिलता है जवाब

पंचम चक्रवती ने बताया कि गांव की समस्या को लेकर पंचायत जाते है तो ग्राम पंचायत में यह कहते है तुम्हारी बस समस्या रहती है। जनपद सीईओ को फोन कर समस्या बताते है वो पूछते है कि मोबाइल नंबर किसने दिया। वहीं विधायक से फोन पर बात कर समस्या बताई तो उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समस्या दूर कराने की बात कहीं।

### दो महीने से नहीं मिला पानी

स्थानीय निवासी मुन्नी बाई ने बताया कि टंकी से कभी कभार पानी मिलता है। अभी तो दो महीने हो गए है पानी नहीं मिल रहा है। हैंडपंपों से तो गंदा पानी निकल रहा है। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी के लिए परेशान है। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। अगर ऐसी ही समस्या रहती है तो तिराहे पर ग्रामीण इकट्ठे होकर प्रदर्शन करेंगे।

### एकजुट होकर करेंगे प्रदर्शन

गांव की बड्डी बाई का कहना है टंकी से कभी कभार पानी मिलता है। अभी तो दो महीने हो गए है पानी नहीं मिल रहा है। हैंडपंपों से तो गंदा पानी निकल रहा है। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी के लिए परेशान है। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओ पीएचई विकल्प पटेल का कहना है कि जब हैण्ड ओवर किया गया था तब पानी की सप्लाई हो रही है। टंकी में ढक्कन नहीं लगा है, इसकी जानकारी ली जाएगी। पानी सप्लाई किस कारण से बंद है, जानकारी लेकर जल्द ही सप्लाई चालू कराई जायेगी। ढक्कन नहीं लगा है तो ठेकेदार से बातकर उसे बनवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज होगा

**कटनी।** मप्र शासन के निर्देशानुसार निकायों के विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों को अविरल बनाये रखने हेतु इन संरचनाओं का संरक्षण एवं पुर्नजीवन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये आज 30 मार्च से 30 जून 2025 तक नदियों, तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण / संरक्षण हेतु विक्रमोत्सव 2025-जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाना है। जिसका शुभारंभ 30 मार्च 2025 को क्षिपा नदी के तट, उज्जैन में में किया जाएगा,उक्त राज्य स्तरीय कार्यकम का सीधा प्रसारण कार्यक्रम भी आयोजित किया जावेगा। विकमोत्सव 2025-जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च को बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम में आयोजित सूर्य उपासना कार्यकम के समापन उपरांत नगर की जल संरचनाओं के चिन्हांकन हेतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तकनीकी दल रवाना किये जायेंगे,तत्पश्चात कटनी नदी की सफाई हेतु मसुरहा घाट में समाजसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, एनजीओ, अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा सामूहिक श्रमदान किया जायेगा।

### बसों की जांच कर चालकों को दी गई हिदायत

**कटनी।** बस स्टैण्ड चौकी पुलिस द्वारा बसों की जांच कार्यवाही की गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि बस चालको द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से बस संचालन की शिकायतों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा एवं कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर बस स्टैंड में बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों को चेक किया गया, इसके साथ ही चालक और परिचालक के दस्तावेज भी जांचे गए। चेकिंग के दौरान अवस्थित रूप से बस खड़ी कर यातायात अवरुद्ध करने वाले एक बस चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे आर्थिक दंड वसूल किया गया। चालक और परिचालक को यह भी समझाइस दी गई है कि वे यात्रा के दौरान किसी भी तरह के नशे का सेवन न करें, यात्रियों से अभद्रता पूर्वक व्यवहार न करें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

### बिजली बिल जमा करने के बाद भी नहीं जोड़ा बिजली कनेक्शन

**ढीमरखेड़ा।** बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विधुत विभाग का अमला दुकानों को सील कर वाहनों को भी जब्त कर रहा है। कर्मचारियों की मनमानी ऐसी है कि बिजली बिल जमा होने के बाद भी लाइन नहीं जोड़ी जा रही। ढीमरखेड़ा के पोंडी कला बी में नंद किशोर यादव का 1084 रुपये बिजली बिल बकाया रहा। 26 मार्च को कनिष्ठ अभियंता सहित बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ता के घर पहुँचे। बिल बकाया होने पर बिजली काट दी। उपभोक्ता के बेटे को इसकी जानकारी लगी तो उसने तत्काल बिजली बिल जमा कराया। बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली बिल जमा होने की जानकारी भी दी। बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही इस कदर चरम पर है कि उपभोक्ता के जानकारी देने के बाद भी चार दिनों तक घर की सप्लाई नहीं जोड़ा।बिल जमा होने के बावजूद उपभोक्ता का परिवार दिन में बगैर बिजली और रात का समय अंधेरे में काट रहा है। उपभोक्ता के बेटे का आरोप है कि बिजली कर्मचारी अवैध वसूली कर उपभोक्ताओं को परेशान करते है। बेटे ने कहा कि बिजली कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार भी किया है। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता ढीमरखेड़ा आनंद प्रजापति ने बताया कि बिजली बिल जमा होने की जानकारी ली जाएगी। अगर बिल जमा हैं तो बिजली कनेक्शन जोड़ा जाएगा। अभी तक क्यों नहीं जोड़ा गया, इसकी भी जानकारी लेते हैं।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का लगाया जुर्माना

**कटनी।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के विरूद्ध न्यायालय ने 10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा शराब पीकर वाहन चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। बरही पुलिस ने कस्बा भ्रमण के दौरान मैहर रोड अमरपुर तिराहे पर एक बिना नंबर का मालवाहक आटो लोडर का चालक ऑटो लोडर को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पाया गया जिसे रोककर चेक किया गया जो कि चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था एवं जिस नाम पता पूछने पर अपना नाम नीरज चौधरी पिता नाथू चौधरी 34 वर्ष निवासी कुआं का होना बताया। शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर चालक नीरज चौधरी का शासकीय अस्पताल बरही में मुलाइज कराया गया जिसमें डॉक्टर साहब ने शराब पीना लेख किया। पुलिस ने ऑटो लोडर को जप्त कर लिया गया एवं कार्यवाही कर न्यायालय जेएमएफसी बरही के यहां पेश किया गया। शनिवार को 10000 रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, प्रआर व्यास गुप्ता ,प्रआ.उदय की भूमिका रही ।

*न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित*

## पिता को जिंदा जलाने वाले आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपने पिता को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित रंजन समाधिया की न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला थाना रीठी क्षेत्र का है।जघन्य एवं सनसनी खेज चिन्हित प्रकरण में पिता की हत्या करने वाले आरोपी सैंकी उर्फ आयुष राय को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। प्रकरण में पैरवी प्रभारी उपसंचालक/जिला अभियोजन



अधिकारी हनुमंत किशोर शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि सुनील राय 7 मार्च 23 को की शाम अपनी मोटर सायकिल की टंकी से पेट्रोल निकाल रहा था कि उसी समय पुत्र आरोपी सैंकी उर्फ आयुष राय आया और अपने पिता से देवगांव जाने के लिए बाइक मांगा। तब पिता कहा कि किश्त जमा करने रीठी जाना है। वापस आने पर मोसाइसकिल ले लेना। तब आरोपी सैंकी पिता को गाली देने लगा। सुनील राय द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी सैंकी ने पिता के हाथ से पेट्रोल वाली करीब 4 लीटर भरी प्लास्टिक की कुप्पी छीनकर हत्या करने की नियत से पिता के सिर से उड़ेलते हुए जिंदा जला दिया आग की लपटों से घिरने के कारण सुनील राय का पूरा शरीर जल गया। सुनील राय की पत्नी रेखा राय एवं भाई विजय राय ने आग बुझाई, सुनील राय को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से जबलपुर रैफर कर दिया गया था, जहां पर मौत हो गई है। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी सैंकी उर्फ आयुष राय को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ की गई, जिसमें उसने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई करते हुए अभियोजन के लिए पर्याप्त साक्ष्य होने एवं मामले की विवेचना पूर्ण होने से आरोपी के विरूध्द अभियोग पत्र को तैयार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया।

## चेट्रीचंड पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंद्र पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 27 मार्च को आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय तृतीय के अलावा विशेष पुरस्कार भी वितरण किए गए व मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्त्री पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना, कथक, बांसुरी वादन व महाकुंभ की विशेष प्रस्तुति व सांस्कृतिक संगीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने धर्म प्रेमी जनता का मनमोह लिया। 28 मार्च को राजस्थान से आए मशहूर गायक गिरीश कृपलानी व दिल्ली से आई मशहूर गायिका ईना लखमानी द्वारा भजन संध्या की शानदार प्रस्तुति ने समां बांधा। 29 मार्च को अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। आज 30 मार्च को निकली जाएगी भव्य शाही शोभायात्रा भगवान श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड से सांय 5 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मसुरहा घाट में संपन्न होगी। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण विशाल महाकाल डमरू वादक व अधोरी गुर्प रहेगा। धर्म प्रेमी जनता से शोभायात्रा में शामिल होने अपील की है।

## जालपा देवी मंदिर पहुँच नवत्रात्रि पर्व की तैयारियों का महापौर ने लिया जायज़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी,नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,स्थानीय पार्षद एमआईसी सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ शहर प्रमुख जालपा देवी मंदिर पहुँच व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। महापौर ने मंदिर के आस-पास दोनों पालियों में विशेष साफ़-सफाई रखने,समस्त देवी मंदिरों के आस-पास पहुँच मार्गों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था,,चूने की लाइन, पेयजल कीटनाशक दवाई का छिड़काव,आदि की व्यवस्था समय पर किए जाने के निर्देश दिए है।इसके साथ ही जालपा देवी मंदिर



परिसर में डस्टविन रखवाने,पूजन सामग्री एकत्रित करने वाली गाड़ी नियमित भेजने एवं मंदिर परिसर के बाहर लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित कर लगाये जाने हेतु कहा है ताकि किसी भी प्रकार से यातायात बाधित ना हो और आने वाले श्रद्धालुजन सुलभता के साथ माँ के दर्शन-पूजा अर्चन कर सकें।

इस दौरान स्थानीय पार्षद एम आईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू,सुरेंद्र गुप्ता,पार्षद शकुंतला सोनी,ओमप्रकाश बल्ली सोनी, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

*3 माह की अवधि के लिए राजस्व सीमाओं से किया निष्कासित*

## कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी के विरुद्ध की गई जिलाबदर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने थाना बरही, ग्राम पडरिया निवासी 41 वर्षीय आदतन अपराधी शरद उर्फ अन्नू सिंह पिता दद्दू सिंह रघुवंशी के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्यवाही करते हुए 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर श्री यादव ने शरद उर्फ अन्नू सिंह के विरूद्ध यह जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर की है।

शरद उर्फ अन्नू सिंह के विरूद्ध वर्ष 2008 से 2024 तक भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के अधीन 5 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसमें अन्य गंभीर धाराओं का भी उल्लेख है। विगत तीन वर्षों में शरद के विरुद्ध अश्लील कार्य करना, स्वेच्छया उपहति कारित करना, व अन्य धाराओं के अपराध भी पंजीबद्ध किए गए है जिसमें जिसमें अजमानतीय, आजीवन कारावास या जुर्माना का प्रावधान विहित है।

### आतंक का पर्याय

शरद की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होने से उसकी आपराधिक गतिविधियों एवं कृत्यों के कारण आमजन का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल हो गया है। साथ ही क्षेत्र के आम नागरिक दैनिक जीवन के कृत्यों को सामान्य रूप से करने मे असहज महसूस करने लगे। शरद की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने तथा क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने शरद उर्फ अन्नू के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 3 माह के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है।

आदतन अपराधी शरद उर्फ अन्नू सिंह को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। लेकिन इसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी तथा पेशी होने के तुरंत पश्चात इस न्यायालय के आदेश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

## तिलक महाविद्यालय में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित

# पुरानी वस्तुओं से आकर्षक उत्पाद बनकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नाकोत्तर महाविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ सुनील बाजपेई के निर्देशन में श्बेस्ट आउट ऑफ वेस्टश (Best Out of Waste) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने पुराने और अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग करके नई और रचनात्मक चीज़ें बनाई। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रिसाइक्लिंग के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न सामग्रियों जैसे कागज, प्लास्टिक, लकड़ी, धातु और कपड़ों का इस्तेमाल कर उपयोगी और सजावटी



वस्तुएं तैयार की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने के लिए इन पुरानी वस्तुओं से नए और आकर्षक उत्पाद जैसे कि फूलदान, आर्ट पीस, क्लॉक हाउस ट्री हाउस,चंद्रयान, घोंसला आदि तैयार किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुनील बाजपेई ने कहा, ष्यह प्रतियोगिता छात्रों के रचनात्मक विचारों को सामने लाने का एक बेहतरीन अवसर है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है, बल्कि छात्रों को भी अपनी कल्पनाशक्ति को उजागर करने का मौका मिलता है।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डॉ संतोष सिंह, डॉ ज्ञानेंद्र मोहन श्रीवास्तव, एवं आयुष तिवारी शामिल थे, जिन्होंने छात्रों के बनाए गई कृतियों का मूल्यांकन किया। प्रथम पुरस्कार नम्रता कुशवाह, द्वितीय पुरस्कार शिवानी साहू तथा तृतीय पुरस्कार सुल्तान सिंह गोंड को प्राप्त हुआ। कार्यकम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और उन्होंने अपनी रचनात्मकता को और भी बढ़ाने की प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अपनी कला और विचारों से यह साबित किया कि पुराने सामान से भी नया और उपयोगी कुछ भी बनाया जा सकता है।

इस कार्यक्रम का संयोजन संगीता बासरानी, सहसंयोजन डॉ सुची सिंह तथा डॉ शैलजा बरसैंया द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ एम पी यादव, डॉ विनय वाजपेई, डॉ माधुरी गर्ग, डॉ नाहीद सिद्दिकी, डॉ प्रतिमा त्रिपाठी,डॉ अनिल तौहेल,श्रीमती ज्योत्सना आठ्या (विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र विभाग))तथा विनोद लोधी, डॉ राजश्री शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चैक अनादरण मामले में एक वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायालय श्रीमती शीतल बघेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी द्वारा आरोपी ऋषिराज यादव पिता शिवकुमार यादव, निवासी- धूरी बंधी स्लीमनाबाद को चैक अनादरण के अपराध में एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,85,500 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामला इस प्रकार है कि आरोपी ने एक कामधेनू क्रेसर एवं केचव्हील और पाईप लाईन, कुल कीमत- 2,17,000 रूपए में क्रय करके 1,50,000 रूपए का चैक अपने बैंक खाते का जारी किया था, चैक अनादरण मेमो मिलने के पश्चात आरोपी को नोटिस जारी किया था, किंतु आरोपी द्वारा कोई भुगतान नहीं दिया गया, जिस पर परिवादी ने परिवाद पत्र अंतर्गत धारा-138 निगोसियेवल इंस्टूमेंट का प्रस्तुत किया था। आरोपी द्वारा अपने बचाव में यह कहा गया कि जब वह नाबालिग था तब उसने चैक जारी किया था। जिसके प्रतिवाद में परिवादी शंकर धामेचा के अधिवक्ता कमल अग्रवाल द्वारा तर्क दिया गया कि नाबालिग व्यक्ति को बैंक द्वारा चैक बुक जारी नहीं की जाती है, इसके अलावा जब आरोपी ने 2020 में समक्ष नोटरी कटनी वचन पत्र दिया था तब वह बालिग था, तथा उसके पश्चात आरोपी ने परिवादी फर्म को चैक जारी किया था। अस्तु विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी को चैक अनादरण के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,85,500 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना राशि के भुगतान न देने की दशा में 2 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

## खबर संक्षेप

### विकास शुल्क वसूल किये जाने आयुक्त ने गठित किया दल

**कटनी।** म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) निगम 2021 के तहत अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा दिनांक 31.12.2016 के पूर्व की चिन्हित अवैध कालोनियों के अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन किया जाकर विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। अतः उपरोक्त नियमों के परिपेक्ष्य में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए प्रथम चरण में वार्डो में चिन्हित कालोनियों में शिविर आयोजित करते हुए अनिल जायसवाल, प्र. सहायक यंत्री एवं प्र. अधिकारी कालोनी सेल के निर्देशन में विकास शुल्क की वसूली किये जाने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेशनुसार प्रथम चरण में क्रमानुसार दिनांक 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.1 में,दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बिरसा मुंडा वार्ड क्र.2 में,दिनांक 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र 3 में,दिनांक 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक इंदिरा गांधी वार्ड क्र 04 में,एवम दिनांक 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक राममनोहर लोहिया वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएँगे ।जिसमें उपस्थित होकर वार्ड नागरिक सुलभता के साथ विकास शुक्ल जमा कर सकेंगे।

### विक्रमोत्सव कार्यक्रम आज, अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**कटनी।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से चौत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर नगर निगम आडिटोरियम बस स्टेंड के पास विक्रमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी तथा डॉ सुनील बाजपेयी प्राचार्य तिलक कॉलेज और पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम में रविवार 30 मार्च को पूर्वान्ह में सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित करनें तथा सम्राट विक्रमादित्य विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही बरतने पर कोठियां मोहगवां सचिव को किया निलंबित

**बरही।** विधानसभा सभा सत्र दिसंबर 2024 की शून्य काल सूचना क्रमांक 102 द्वारा बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय द्वारा ग्राम पंचायत कोठियां मोहगवां बड़वारा जनपद की चाही गई। जानकारी के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद से जांच कराई गई मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पत्र क्रमांक /2014 विधान सभा/ज.पं /2025 बड़वारा दिनांक 30.01.2025 के द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। अवलोकन से ज्ञात हुआ की सचिव राममित्र पटेल ग्राम पंचायत कोठियां मोहगवां के द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाना प्रमाणित होने के कारण सचिव राममित्र पटेल कोठियां मोहगवां बड़वारा जनपद सचिव संघ के अध्यक्ष का उक्त कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही स्वच्छ चरित्र पदिय दायित्वों के विपरित वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ साथ म.प्र पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3तहत कदाचरण श्रेणी में आता है। सचिव राममित्र पटेल को प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है निलंबन अवधि में सचिव जनपद मुख्यालय में निमित किया जाता है संबंधित जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी यह आदेश तत्काल से प्रभावशील रहेगा।

---

#### डेढ लाख रूपए लेकर हो गये थे फरार, कुठला पुलिस ने किया गिरफ्तार

# सस्ते में सोना देने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

सस्ती कीमत में सोना देने का लालच देकर लोगों के साथ ठगी करने वाले एक आरोपित को कुठला पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च को फरियादी राय सिंह राठौर पिता जगजीत सिंह राठौर 41 वर्ष निवासी परसरामनगर थाना कोतवाली मुरैना ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह कुम्भ प्रयागराज मेला में प्रसाद की दुकान लगाया था वही पर बगल में नन्दकुंवर पारधी अपने रिश्तेदार शहनशाह उर्फ लल्लू पारधी के साथ सपरिवार रुद्राक्ष की दुकान लगाया था। वही पर इसकी पहचान हो गई थी। सस्ते में सोना देने का बोलकर अपने मोबाइल में सोने के टुकड़े दिखाया था। मेला समाप्ति के बाद फरियादी अपने ग्रह ग्राम चला गया तथा आरोपियों से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर दिनांक 5 मार्च को सोना का सैम्पल लेने अपने एक अन्य साथी के साथ कटनी आया और कटनी पन्ना रोड में दो सोने के टुकड़े 25,000 रुपए में लेकर अपने घर वापस मुरैना चला गया और चैक करने पर सही माल होने से आरोपी से और सोना लेने का कहा, जिसपर आरोपियों ने कटनी 24/03/2025 को कटनी बायपास पन्ना रोड़ के जंगल में बुलाया जहाँ आरोपियों ने सोना देने का कहकर फरियादी से 1,55,000 रुपये ले लिए और रुपये लेकर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना कुठला में ठगी धोखाधड़ी का मामला सुसंगत धाराओं में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने निर्देशित किया गया। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने लगातार आधुनिक तकनीकों के साथ साथ परम्परागत आसूचना संकलन करते हुए सरगना आरोपी नन्द कुंवर पारधी पिता किरमताल पारधी 44 वर्ष निवासी महुआखेड़ा कोफना घाटी थाना शाहनगर को अमराडांड कीला फैक्टरी के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपने अन्य सहयोगियों के साथ घटना करना कबूल किया। आरोपी के कब्जे से ठगी हुई रकम में से 5,000 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं एक धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पुलिस रिमाण्ड में लेकर जिले में अन्य घटित घटनाओं एवं फरार आरोपियों के बारे में पूछताछ की गई ।

आरोपी एवं उसके साथियों के मध्य ठगी की रकम बंटवारा को लेकर आपस में विवाद व मारपीट भी हुई है ऐसा आरोपी द्वारा बताया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जिला जेल कटनी भेज दिया गया है । पुलिस ने बताया कि नन्द कुंवर पारधी पिता किरमताल पारधी निवासी महुआखेड़ा कोफना घाटी थाना शाहनगर जिला पन्ना एवं फरार आरोपी हैं।

थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, के0के0 सिंह, विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक नन्दकिशोर अहिरवार, भगवत चौधरी, रामेश्वर सिंह, सविता तिवारी, आरक्षक पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, बालकृष्ण तिवारी, मनोज सिंह राजपूत, हर्षुल मिश्रा की भूमिका रही।

---



# बायो डायनेमिक कृषि का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ मंजू द्विवेदी एवं विवेक चौबे के सहयोग से दिया जा रहा है।

बायोडायनेमिक कृषि प्राचीन समय से यह धारणा है कि हमारे जीवन के हर पहलू पर्यावरण एवं मौसम पर सूर्य, चांद, सितारों एवं नक्षत्र की गति का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है । इसी आधार पर यह भी माना जाता है की कृषि एवं फसल उत्पादन पर भी इन नक्षत्रों का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है । इन नक्षत्रीय शक्तियों की प्रभाविता को ध्यान में रखकर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कुछ जैव सक्रिय उत्पाद विकसित किए गए हैं। यह जैव सक्रिय उत्पाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के साथ जीवनाशी प्रबंधन में भी योगदान करते हैं। बायो डायनेमिक कृषि के अंतर्गत जैव सक्रिय पदार्थ सींग खाद, ऋषि कृषि पंचगव्य, कृषि प्राकृतिक, कृषि होमा खेती, अग्निहोत्र, नोटुको खेती की जानकारी दी गई। देसी गाय का गोबर अनेक नक्षत्रीय शक्तियों से पूर्ण है वही गाय के सींग खोल में नक्षत्रीय शक्तियों को ग्रहण करने की अभूतपूर्व क्षमता होती है। सींग खाद बनाने के लिए सींग खोल का चयन गाय के गोबर का चयन गड्ढे की तैयारी सींगों को गाड़ने एवं निकालने का समय सींग खाद का भंडारण एवं फसलों में उपयोग की विधि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

---

*चांद दिखने के अनुसार कल मनाया जाएगा ईद का त्योहार*

# ईद-उल-फितर में साफ-सफाई सहित कानून व्यवस्था के लिए सौपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

ईद का त्योहार 31 मार्च को या चांद दिखने अनुसार मनाया जाएगा। जिला शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा के अनुसार मुख्य नमाज ईदगाह पर प्रातः सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके अतिरिक्त कटनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत अन्य मस्जिदों में प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नमाज़ अदा की जायेगी। इस दौरान मस्जिदों में साफ-सफाई और शांति एवं कानून व्यवस्था का दायित्व कलेक्टर दिलीप यादव द्वारा अधिकारियों को सौंपा गया है।

### इन विभागों को दिये गये निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उक्त स्थानों में साफ सफाई, पर्याप्त पुलिस बल, प्रकाश व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य चिकित्सक की ड्यूटी लगाने, सड़कों से गड्ढों को भरकर मार्ग सुधार करने, ब्लीचिंग पाउडर छिडकाव करने एवं पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखने के निर्देश दिये है।

### इनको सौंपी जवाबदारी

इसी प्रकार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु अधीक्षण यंत्री म.प्र.रा.वि.मं. को निर्देश दिए है। साथ ही आयुक्त नगर निगम एवं सूबेदार यातायात कटनी को मस्जिद के मार्ग में बैठे हुए आवारा जानवरों को हटाने एवं उचित व्यवस्था हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने, कब्रिस्तान की साफ-सफाई, चूना लाइन, प्रकाश एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था हेतु प्रातः 7.30 बजे से 11 बजे तक मिशन चौक कटनी, चांडक चौक, ईदगाह एवं कब्रिस्तान तक परिवहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा नमाज के दौरान प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक वाहनों का सुचारू रूप से संचालन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं समस्त थाना प्रभारियों को दी गई।

### डीजे साउंड रहेगा प्रतिबंधित

त्यौहार के दौरान प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेगा। डी.जे. साउण्ड स्कूलों, महाविद्यालयों तथा अस्पतालों के आस-पास पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत पुलिस अधीक्षक कटनी व सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए एवं सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कानून एवं शांति बनाये रखने तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

---

## सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने घर घर दस्तक दे रहे शिक्षक




सरकारी स्कूलों में 1 अप्रैल से नया शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। पहले दिन स्कूल आने वाले विद्यार्थियों का शिक्षक तिलक लगाकर स्वागत करेंगे। सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही पालकों और शिक्षकों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिसमें अध्यापन व अन्य सुविधाओं को लेकर विचार-विमर्श होगा। उमरियापान सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के प्रवेश के लिए आसपास के क्षेत्रों में सर्वे शुरू कर दिया है। प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि शिक्षक घर-घर दस्तक देकर पात्र विद्यार्थियों की न सिर्फ जानकारी जुटा रहे हैं, बल्कि उनके अभिभावकों से बच्चों को स्कूल में प्रवेशित कराने का आग्रह भी कर रहे हैं। शासन स्तर से सरकारी स्कूलों में मिलने वाली योजनाओं की जानकारी भी दी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि घर-घर सर्वे और समझाइश से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ सकती है। सर्वे में मुकेश राय,सुभाषचंद्र गुप्ता,सुरेश चौधरी, रामनारायण पटेल,मोहम्मद मंसूरी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

---

# पंचम, अष्टम की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩ बड़वारा



सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के अष्टम एवं पंचम के भैया बहनों ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवम नगर तथा अपने पालकों को गौरवान्वित किया है। कक्षा अष्टम में आकृति सिंह पिता विनोद सिंह 89%, लक्ष्मी प्रजापति पिता संतोष प्रजापति 87.6%, अंशिका महोबिया पिता अशोक महोबिया 87.66%, श्रद्धा कुशवाहा पिता विद्या चरण 87.66%, ओम रजक पिता सतीश रजक 86.5%, इसी तरह कक्षा पंचम के अनिकेत कुमार पटेल पिता नर्मदा प्रसाद 86 %, रिया केवट पिता जालंधर केवट 83%, अमन चौधरी पिता सुंदरलाल चौधरी 79.05%, आदित्य कुमार यादव पिता मुकेश यादव 78%, रौनक सिंह पिता सुरेंद्र सिंह 77.75%,

कक्षा अष्टम में 80% से 95% तक 11 भैया बहन 79% से 70% तक 11 भैया बहन पास हुए और 69% से 60 %तक 4 भैया बहन उत्तीर्ण हुए। कुल 26 भैया बहनों ने कक्षा अष्टम में सफलता हासिल की। कक्षा पंचम में 80% से 95% तक 2 भैया बहन 79 %से 70% तक 9 भैया बहन और 69% से 60% तक 16 भैया बहन योग27। सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में अध्ययनरत भैया बहनों के द्वारा शानदार सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी को बधाई दी गई है व भैया बहनों के उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे, रामलाल नामदेव ,मनीषा दुबे, राकेश निगम ,संध्या सोनी ,सोना केवट, सोनाली सोनी, प्रिया निगम ,संदीप बर्मन, और शीलू कोरी, रीना गुप्ता सभी को भैया बहनों के

---

*कटनी के श्रीअन्न और हर्बल कीटनाशक की जमकर हुई खरीदी*

# मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला में कटनी के हर्बल, जैविक उत्पादों और जड़ी बूटियों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रांगण में शनिवार से शुरू हुये दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला में लगे विभिन्न कृषि उत्पादों के स्टालों में से कटनी जिले के हर्बल एवं जैविक उत्पादों और श्रीअन्न के प्रति लोगों ने खासी दिलचस्पी दिखाई।

संभागीय कृषि मेला का शुभारंभ जबलपुर कैंट विधायक श्री अशोक रोहाणी ने किया। यहां विश्वविद्यालय प्रांगण में जबलपुर संभाग के सभी जिलों की खास पहचान और फसल उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु करीब 200 से अधिक विक्रय सह प्रदर्शन स्टालों में कटनी जिले के उत्पादों के स्टाल में पहुंच कर कई लोगों ने रूचि प्रदर्शित की ।



यहां संभागीय कृषि मेला में मानव जीवन विकास समिति बिजौरी के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार जैविक उर्वरक और कीटनाशकों के स्टॉल लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। जिसमें पोषक तत्व प्रबंधन उर्वरक जीवामृत, मठास्त्र, अग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दसपर्णी, वर्मीकम्पोस्ट, मटकाखाद लमित जैसे कीटनाशक और दवाईयों के संबंध में लोगों ने न केवल जानकारी प्राप्त की, बल्कि इन जैविक उत्पादों की बिक्री भी हाथों-हाथ हो गई। मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि यहां कटनी के उत्पादों की गुणवत्ता और स्थानीय खूबियों की बदौलत इनकी काफी मांग है। कटनी के ही संगम बीडी एफपीओ द्वारा श्री अन्न के स्टॉल में कोदौ-कुटकी, रागी, ज्वार, काला गेहूं, मसाला, हल्दी, धनिया, मिर्च आदि का प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल लगाये गये। जिनमें लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। इस स्टाल से जबलपुर वासियों ने बड़ी खरीददारी की। बहोरीबंद क्षेत्र के निपनिया और केवलारी के रानी दुर्गावती बहुउद्देशीय स्व-सहायता समूह के चिरौंजी और मां संतोषी स्व-सहायता समूह के उत्पाद चिया बीज के प्रति भी स्वास्थ्य प्रेमियों ने खरीदी की।

कटनी जिले के संगम बीडी किसान उत्पादक स्व-सहायता समूह के उत्पाद देशी जड़ी बूटियों में लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई। इनमें मुख्य रूप से गिलोय, अर्जुन कौहा, चित्तावर, कराई, हथगन, हंसराज, सतावर, काली मिसरी, सफेद मिसरी, वनतुलसी ,कामराज, रामदतून, बिचांदी कांदा, वन हल्दी, हर्रा, आंवला, जमराशन, दचेड सिरप, बिजनोरी, जटाशंकर, और मैदा आदि अपनी औषधीय गुणों के कारण काफी पूछी परखी गई।

---

## कलेक्टर ने स्कूलों में प्रवेशोत्सव आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

# जिले में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों सहित जिला परियोजना समन्वयक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

कलेक्टर यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजित किए जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधियों , पंचायत पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों और पंच सरपंचों अवश्य आमंत्रित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाय। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में ही विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें।

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रह रहे चिन्हित बच्चों का शाला में अवश्य नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी करें।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के



लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये और ये आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व से अवगत कराने और प्रेरणादायी कहानियाँ बच्चों को सुनायेंगे।

इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे।

### सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ

स्कूल चलें हम अभियानष के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

स्कूल चलें हम अभियानष के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी

---

# आवास योजना के दूसरे चरण के सर्वे कल तक जुड़वा सकते हैं नाम

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जारी सर्वे में नाम जुड़वाने का कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीणों से आग्रह किया है। सर्वे के दौरान इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी । योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रि-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक के लिए मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक द्वारा किया जा रहा है। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जा रहा है।इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। इस ऐप से सर्वे प्रक्रिया सहज ,सरल और डिजिटल होती है।सर्वे के लिए समस्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जिले,जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाली जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, जिला कटनी (म.प्र.)**

सर्व जन को सूचित किया गोठान तालाब पाली को पट्टे पर मछली पालन हेतु देना है इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत भवन पाली में 13 मार्च तक अपने आवेदन पत्र जमा करें । नियम और शर्त ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर देखें।

**दीनू सिंह**
**सरपंच ग्राम पंचायत पाली**
**विनोद बागरी**
**सचिव ग्राम पंचायत पाली**
**अजय रजक**
**रोजगार सहायक**
**ग्राम पंचायत पाली**
**समस्त पंच गण ग्राम पंचायत पाली**

## खबर संक्षेप

### आज होगी प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएशन के सदस्यों की मासिक बैठक

तेंदूखेड़ा। प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएषन रविवार की दोपहर 4 बजे से खरे भवन में मासिक बैठक आयोजित की जाएगीं। बैठक में पेंसनर एसोसिएषन के जिला अध्यक्ष जगदीष प्रसाद चैबे की उपिस्थिति में एसोसिएषन के हितो में विचार रखे जाएगें। साथ ही आगामी योजनाओ की रूप रेखा तैयार की जाएगी। प्रोगेसिव पेंसनर एसोसिएषन के तहसील अध्यक्ष डाक्टर ओपी अवस्थी ने एसोसिएषन के सभी साथियो से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज से

**दमोह।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज 30 मार्च 2025 से किया जायेगा। जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कार्याक्रम आयोजित किये जायेंगे। शहरी क्षेत्र अंतर्गत नगरीय निकाय दमोह नगरपालिका में जनपद दमोह का प्राचीन कुआ पर प्रातः 08 बजे, हटा नगरपालिका के गंगा झिरिया में प्रातः 09 बजे , पटेरा नगर परिषद के वार्ड नं-08 में प्रातः 09 बजे, हिण्डोरिया नगर परिषद में वार्ड - 3 रवि चौरसिया के पास कुआ पर प्रातः 09 बजे, तेंन्दूखेड़ा नगर परिषद के वार्ड नं-6 के कुऑ पर प्रातः 09 बजे एवं पथरिया नगर परिषद के वार्ड नं-1 के कुऑ पर प्रातः 09 बजे से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत दमोह के ग्राम पंचायत समन्ना बावड़ी, हटा के ग्राम पंचायत रनेह बावड़ी, पटेरा के ग्राम पंचायत कुण्डलपुर मठ बावड़ी, जबेरा के ग्राम पंचायत सिमरी बावड़ी, तेन्दूखेड़ा के ग्राम पंचायत तेजगढ बावड़ी, पथरिया के ग्राम पंचायत बोतराई के प्राचीन तालाब एवं बटियागढ़ के ग्राम पंचायत चौपरा बावड़ी में प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### चैत्र नवरात्रि पर तेंदूखेड़ा में धूमधाम से हो रही श्रीमद् देवी भागवत कथा

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद देवी भागवत का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेडा

नगर तेंदूखेड़ा में शनिवार, 29 मार्च 2025 को आध्यात्मिकता और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। श्री बड़ी खेरमाई समिति मंडल के तत्वावधान में नगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा और विधिवत पूजन के साथ हुआ। यह आयोजन 29 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। कथा के शुभारंभ से पहले दोपहर 3 बजे शहर के दो अलग-अलग स्थानों बड़ी खेरमाई और नगर के तारादेही त्रिगड्डा से भव्य कलश शोभायात्रा शुरू हुई। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और भक्तों ने हिस्सा लिया। महिलाएं पारंपरिक साड़ियों में सिर पर मंगल कलश लिए भक्ति भाव में लीन होकर कलष यात्रा में चल रही थी। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और शहनाइयों की मधुर धुनों के बीच मां भगवती के जयकारों ने वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा बड़ी खेरमाई से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से तारादेही तिराहा, बाजार का मुख्य मार्ग से राममंदिर से होकर जबलपुर दमोह मुख्यमार्ग होते हुए ज्वाला मंदिर होकर पंचवटी मंदिर से गुजरी, जहां स्थानीय निवासियों ने पुष्पवर्षा और आरती





उतारकर स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस भक्ति रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में शामिल रथ, जिस पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजमान थी और दूसरे रथ पर रामदरवार तो अन्य रथों पर भव्य और दिव्य झांकिया सजाई गई थी।

शोभायात्रा के बाद तेंदूखेड़ा की बड़ी खेरमाई स्थित कथा स्थल पर विधि-विधान से पूजन, हवन और मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात कथावाचक उत्तम स्वामी महाराज ने कथा की प्रस्तुति शुरू की। अपने पहले दिन के प्रवचन में उन्होंने मां भगवती के विभिन्न रूपों, उनके अवतारों और इस पुराण के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी महाराज ने कहा, श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि यह जीवन के चार पुरुषार्थ - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। कथा के पहले दिन मां शैलपुत्री की महिमा का गुणगान हुआ, जिसमें भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर मंत्रमुग्ध होकर श्रवण किया। कथा पंडाल को फूलों, रंग-बिरंगी लाइट्स और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा से सजाया गया है, जो इसे एक अलौकिक स्वरूप प्रदान कर रहा है। श्रीमद् देवी भागवत पुराण हिंदू धर्म के 18 महापुराणों में से एक है और इसे शक्ति संप्रदाय का आधार माना जाता है। इसमें मां भगवती के नौ रूपों, उनके लीलाओं और भक्तों पर उनकी कृपा की विस्तृत व्याख्या की गई है। विद्वानों के अनुसार, इस कथा के श्रवण से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति भी होती है। प्रतिदिन सुबह दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के साथ-साथ प्रतिदिन हवन, भजन संध्या और प्रसाद का आयोजन भी होगा। अंतिम दिन ७ अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

## मुस्लिम भाईयों को कराया रोजा इफ्तार



**हटा।** परवरदिगार की इबादत का पाक माह रमजान विगत 2 मार्च से शुरू हुआ जिसके चलते नगर में मुस्लिम भाई प्रतिदिन सेहरी खाकर रोजा रखकर मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं पाक रमजान के चलते हजारों हाथ एक साथ सजदा इबादत के लिए झुक रहे है। रमजान के इस मौके पर इबादत का महीना समाप्त होने से पहले शनिवार को जामा मस्जिद में 28 वें रोजा इफ्तार पर नगर के जननेता कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने नगर की जामा मस्जिद पहुंचकर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम करवाया इस मौके पर मस्जिद के सदर मजीद खान ने कहा कि तकरीर में बताया गया कि सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम रोजा नहीं है बल्कि हर बुरे काम हर बुरी चीजों और हर बुरी बातों से रोकने का नाम रोजा होता है। जिस्म के हर अंजू का रोजा होता है, हमेशा के लिए बुराइयों को छोड़ देने का नाम रोजा है। वही यासीन खान, हाजी हारून खान, हक्कू हाजी ने बताया कि मुस्लिम समूचे भारत को दीन ए इस्लामी से संकल्पबद्ध कर अपने देश राष्ट्र को खुदा ए परवरदिगार की नूरानी ताकत से देश में अमन चैन की मन्नत करते हैं। रोजा इफ्तार के दौरान कुंवर पुष्पेंद्र हजारी, लखन मोदी रामसेवक सिंह, हांजी हक्कू खान, सहित सैकड़ों रोजदारों स्थित रही।

### कांग्रेसियों ने भी कराया रोजा इफ्तार

रमजान माह के समाप्ति होने के एक दिन पूर्व शनिवार को जामा मस्जिद में कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में मुस्लिम भाइयों को रोजा इफ्तार कराया गया जिसमें प्रदीप खटीक, रामनाथ राय, योगेश गोलू सराफ, बृजेश गुप्ता, सुनील बजाज, विवेक जैन, राजेश यादव, लखन कोरी, पार्षद अंजार खान सहित अन्य कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**तेन्दूखेड़ा।** शनिवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप बाइक सवार युवक को पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां पर घायल युवक का इलाज जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी शैलेन्द्र पिता राम प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी देवरी सागर को नाग बाबा के समीप एक अज्ञात वाहन पिकअप वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा घटना की सूचना 108 वाहन को दी गई। जहां सूचना मिलते ही 108 वाहन से डॉ भगवानदास यादव और पायलट नेपाल सिंह लोधी मौके पर पहुंचे और घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। जहां से युवक को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# फूल मालाओं से सजाएंगे घर और मंदिर उत्साह से करेंगे अम्बे मां का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेडा

आज से चैत्र नवरात्रि शुरू है। माँ जगदम्बा का स्वागत करने जहाँ एक ओर घरों में विशेष तैयारियाँ हैं, तो वहीं दूसरी ओर नौ दिनों के इस पर्व को पारंपरिक अंदाज में सेलिब्रेट करने गर्ल्स ने भी खास प्रिपरेशन की है। नौ दिनों का उपवास रखना, रोजाना मंदिर जल चढ़ाने जाना, मातारानी के प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन के लिए पहुँचने जैसी एक्टिविटीज भी रूटीन में शामिल होगी। गर्ल्स ने बताया कि नवरात्रि में खुद को पारंपरिक रंगों में रंगने के लिए ट्रेडिशनल ड्रेसेस भी तैयार करवाई हैं।

नवरात्रि से संबंधित विभिन्न बधाई संदेश स्टेटस पर नजर आएँगे। इसके साथ ही भक्ति सॉन्ग में म्यूजिकल वीडियोज बनाकर भी शेयर किए जाएँगे जानवी रजक ने बताया कि वे खेरमाई मंदिर में दर्शन कर नवरात्रि की शुरुआत करेंगी। इंटरनेट पर फोटोज शेयर करके सभी को विश भी करेंगी। वहीं मातारानी के भक्त राहुल लोधी ठाकुर का कहना है कि सोशल मीडिया भक्ति के रंग में रंग जाएगा

### संस्कृति से जुड़ने का अवसर

चैत्र नवरात्र से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत होती है। ऐसे में त्योहार सेलिब्रेट करते हुए हमें संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। गर्ल्स बताती हैं कि नवरात्रि के साथ वे नया वर्ष भी सेलिब्रेट करती हैं। जिसके लिए वे घरों को फूलों से सजाती हैं, वहीं आँगन में रांगोली डालकर माता का स्वागत करती हैं। हर वर्ष उन्हें नवरात्रि का खासा इंतजार रहता है। अब माता रानी की भक्ति सभी बेहद उत्साह से करेंगी



कृतिका त्रिपाठी कहती हैं कि यूँ तो मैं हमेशा ही इंडियन अटायर कैरी करती हूँ, लेकिन नवरात्रि का उत्साह ही अलग रहता है नौ दिनों तक हर रोज अलग-अलग ट्रेडिशनल सूट पहनकर मंदिर जाऊँगी। - **कृतिका त्रिपाठ**




प्रिया सेन कहती हैं कि मैं नवरात्रि उपवास रखकर सेलिब्रेट करती हूँ। नौ दिनों तक हर तरफ पॉजिटिविटी नजर आती है माता के भजन सुनाई देते हैं मुझे यह पर्व बहुत पसंद है। - प्रिया सेन



तनु सेन कहती हैं कि आज से सारी दिनचर्या बदल जाएगी। व्रत, पूजा-पाठ से मन को बहुत सुकून मिलता है घर का माहौल भी खास रहता है, आज से नौ दिनों तक माँ की आराधना होगी। - तनु सेन



पूनम रजक कहती हैं कि मैं कोई भी इंडियन फेस्टिवल कलरफुल ड्रेसेस में ही सेलिब्रेट करती हूँ। चैत्र नवरात्रि के लिए कॉटन ड्रेसेस तैयार की है मैचिंग एसेसरीज से लुक कम्प्लीट करूँगी। - पूनम रजक



गुड़िया ठाकुर कहती हैं कि आज से नौ दिनों तक माँ की भक्ति होगी। मंदिर जाते हैं और जल भी चढ़ाते हैं। इसके अलावा पूरी दिनचर्या बदल जाती है। नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना करती हूं। - **गुड़िया ठाकुर**



मानसी रजक कहती हैं कि मां के आगमन पर घर को रंगोली से सजाएंगे ताकि मां की हम पर कृपा हो नवरात्रि में रूटीन बदल जाता है पूजा करने के लिए मार्निंग में थोड़ी जल्दी उठती हूं व्रत भी रखती हूं चारों ओर आज से भक्तिभाव का माहौल होगा। - **मानसी रजक**

## छात्रों ने वुड बॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के बीपीएड विद्यार्थियों ने एआईयू द्वारा आयोजित वुड बॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के साथ ही कुलगुरू प्रो.पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में इसी तरह नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु मंगलकामनाएँ दिए। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय वुड बॉल प्रतियोगिता पुरुष / महिला वर्ग 2024-25 दिनांक 7 से 10 मार्च 2025 को पारुल विश्वविद्यालय बड़ौदा, गुजरात में सम्पन हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में AIU के खेल सचिव डॉ. बलजीत सिंह शेखो तथा पारुल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उपाध्यक्ष प्रो. पारुल बेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एकलव्य विश्वविद्यालय से पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा वुड बॉल डबल इवेन्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवावित किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र राजा राम चौधरी, राजमल अहिर बीपीएड के छात्र हैं। टीम इवेन्ट प्रतियोगिता के छात्र कन्हैया लाल, मुकेश चन्द्र दांगी, आकाश अहिरवाल, बीएफए के छात्र ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। एकलव्य विश्वविद्यालय के टीम कोच सह प्राध्यापक डॉ. कपिल कुमार साहू द्वारा टीम का नेतृत्व किया गया। इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत त्रिपाठी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में देश के 44 विश्वविद्यालयों के 500 से अधिक महिला व पुरुष खिलाडियों ने भाग लिया था।

## स्कूल में हुआ एफएलएन मेला का आयोजन

**तेंदूखेड़ा ।** जिले के विकास खंड तेंदूखेड़ा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रोजाघाट में कक्षा 1,2 के बच्चों की दक्षता आंकलन के लिए एफ एल एन मेला आयोजित शनिवार को किया गया। जिसमें बच्चों की माताओं की भागीदारी रही साथ ही कक्षा 1 से 4 के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं 5 वीं के छात्रों का परिणाम भी बताया गया। शाला प्रभारी सोहनलाल राठौर,पदस्थ शिक्षिका श्रीमती ज्योति बालासाहू,जनशिक्षक मुकेश कुमार मेहरा की उपस्थिति रही।सोहनलाल राठौर ने बताया कि सभी पालकों व माताओं को बताया गया कि नया सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें तथा अपने आसपास के 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के नाम सरकारी स्कूल में दर्ज करायें।



# कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड आधारित इस परीक्षा में जिले के हटा विकासखंड की कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम तीसरे नंबर पर 87.67 प्रतिशत रहा। वही कक्षा आठवीं में 77.07 प्रतिशत के साथ जिले में तीसरा स्थान रहा। इसी परिणाम के साथ हटा विकासखंड के संकुल केंद्र कांटी अंतर्गत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में सम्मिलित 10 बच्चों में 2 बच्चों ने A+ ग्रेड प्राप्त किया 7 बच्चों ने A ग्रेड प्राप्त किया तथा 1 बच्चे ने C प्राप्त किया इस प्रकार विद्यालय के 90% बच्चे A ग्रेड में पास हुए विद्यालय की इस सफलता पर अध्यापक मनोज नामदेव ,मुकेश रैकवार एवं कमलेश ताम्रकार को समस्त ग्राम वासियों ,बच्चों के अभिभावकों , संकुल प्राचार्य विजय कुमार प्यासी, बीआरसी एमएल अहिरवार जन शिक्षक श्री हारुन खान एवं ललजू अहिरवार ने बधाइयां प्रेषित की।

# भारत विकास परिषद दमोह इकाई मनाएगी हिन्दू नव वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

सनातन वैदिक हिन्दू नव वर्ष की की प्रतिपदा पर दमोह के घंटाघर पर विशेष आयोजन होने जा रहा भारत विकास परिषद दमोह इकाई इस दिन की शुभ अवसर पर हिंदू भाइयों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं देगी दरअसल दमोह के घंटाघर पर यह पूरा आयोजन होने जा रहा है, भारत विकास परिषद दमोह इकाई के जिला समन्वय राजीव कृष्ण बिल्थरे और जिला अध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा,30मार्च 2025 दिन रविवार, को हिन्दू नव वर्ष,सर्वाधिक प्राचीन सनातनी "सृष्टि संवत 1960853126, नव संवत्सर, विक्रम संवत 2082, यूगाब्ध (युधिष्टिर) 5127, श्री कृष्ण संवत 5251 व श्री शाली वाहन शक संवत "शार्वरी" 1947 के शुभारम्भ पर, भारत विकास परिषद दमोह इकई के सभी सदस्य गण के घंटाघर पर इकट्ठे होंगे और सभी सनातनी भाइयों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं देंगे,हिन्दू नव वर्ष, गुड़ी पड़वा, चेटीचन्द, युगादी ०माँ दुर्गा की आराधना के पर्व नवरात्रि के आरम्भ के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें उपस्थिति की अपील सभी परिषद के सदस्यों और सनातनियों से की गई है।

## युवा नाट्य मंच के कलाकार आज करेंगे दो नाटकों का मंचन

दमोह। रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी दमोह जिले की संस्था युवा नाट्य मंच द्वारा आज सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के प्रारंभिक अवसर पर दो नाटकों का मंचन किया जायेगा । स्थानीय पी जी कॉलेज साभार में प्रातः 10 बजे सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक कोटि सूर्योपासना एवं शाम 7 बजे नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन करेगी। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का लेखन प्रसन्न सोनी, निर्देशन मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक टीकम जोशी का है महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग,समन्वय मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय एवं स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन दमोह का सहयोग इस प्रस्तुति में रहेगा। प्रारंभ होगा दो दिवसीय समारोह- आज से ही युवा नाट्य मंच द्वारा दो दिवसीय नाट्य, लोक नृत्य एवं भजन पर केंद्रित कार्यक्रम शाम 7 बजे से पी जी कॉलेज के सभागार में प्रारंभ होगा संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय नाट्य, लोकनृत्य और भजन समारोह में आज उमेश कुमार चौरसिया द्वारा लिखित एवं राजीव अयाची द्वारा निर्देशित नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन किया जायेगा नाटक का सह निर्देशन अनिल खरे ने किया है। होलकर साम्राज्य की पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित इस नाटक में माता अहिल्याबाई के विवाह से लेकर उनके द्वारा किए गए लोकहितकारी कार्यों का चित्रण है। 31 मार्च को दो प्रस्तुतियां होगी जिनमें लोक संस्कृति एवं आध्यात्म पर केंद्रित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक नृत्य मोनिया की प्रस्तुति डॉक्टर उमेश वैद्य द्वारा की जाएगी इस प्रस्तुति के सबसे बड़ी विशेषता है इसमें अधिकांश दिव्यांग कलाकार हैं जिन्होंने देश के कई बड़े मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। दूसरी प्रस्तुति में दमोह के प्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रदीप नितिन अग्रवाल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वरिष्ठ रंग कर्मी संजय खरे एवं बृजेंद्र राठौर ने दमोह के सुधि दर्शकों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम की हुई घोषणा

**दमोह।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डॉ कानेटकर भवन दमोह में विद्यालय का कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप भाई गुजराती, लालजीराम पटेल जिला सचिव( कार्यक्रम अध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ गौरीशंकर सोनी, विशिष्ट अतिथि चेतन अग्रवाल(पूर्व छात्र)एवं श्री सर्वेश पाण्डेय मंचासीन रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं अन्य विद्यालयीन गतिविधियों जैसे खेलकूद, विज्ञान,वैदिक गणित,संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता, पूर्ण उपस्थिति तथा कक्षा रत्न प्राप्त करने वाले भैया- बहिनों को मंचासीन अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख श्रीमती ज्योति सोनी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती सुमन सोनी एवं बहिन संजना पटेल ने किया। अतिथियों का परिचय भगवती प्रसाद दुबे, अतिथियों का स्वागत केशव दुबे एवं रामकुमार सेन ने किया।बालक के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक बिन्दुओं की चर्चा तथा कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य श्री ऋषभ कुमार जैन ने व्यक्त किया। जिन भैया-बहिनों को पुरस्कार प्राप्त हुआ है विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। इस कार्यक्रम में अभिभावक बन्धु, गणमान्य नागरिक एवं मातृ शक्ति की गरिमामय उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम् के उपरांत किया गया।

# एफएलएन मेले का आयोजन



**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार बीआरसी हटा के निर्देशन में शनिवार को विकासखंड के समझते विद्यालयों के साथ शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हरदुआ घुटरिया विद्यालय में एफएलएन मेले की आयोजन के साथ परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें बच्चों की अभिभावकों की उपस्थिति रही। मेला कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार पटेरिया द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर बच्चों द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना कर किया गया इसके उपरांत शिक्षकों द्वारा बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया गया इसके बाद स्कूल में लगाए गए स्टाल पर शिक्षिका श्रीमती कमलेश तिवारी, श्रीमती प्रतिभा एवं श्रीमती अर्चना शिक्षिका द्वारा बच्चों को गतिविधियों आयोजित कराई। वही प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार पटेरिया द्वारा बच्चों के अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल में बच्चों का प्रवेश करने एवं नियमित शाला भेजने की समझाइश दी गई। इस दौरान एसएमसी सदस्य हल्की बहू राजकुमारी मुंडा संगीता राजपूत रही एवं विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल में इस प्रकार की आयोजन से बच्चों में पढ़ाई के प्रति एवं नियमित शाला आने की रुचि जागृत होती है। कार्यक्रम का आभार श्रीमती सुचिता प्यासी द्वारा व्यक्त किया गया।

# कुण्डलपुर में निर्वाण लाडू चढ़ाया



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक ,18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव शनिवार को विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य बड़े बाबा का चरणाभिषेक किया ।इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धिकलश ,निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य पंकज अमित प्रखर हुबली एवं दुबई, सुनील अनिल मोहित छाबड़ा जयपुर ,शुभम ऋषभ विनोदकुमार इटावा, नवीन एल सी जैन नई दिल्ली ,राजकुमार अक्षय जयपुर, प्रकाश चंद अभिषेक जयपुर, रीतेश अभिनव पुणे, प्रतीक अशोक पारसोलिया घाटोल बांसवाड़ा ,विक्रम नितिन कोटा, राजकुमार गोधा जयपुर, हरकचंद राजेश प्रांजल छाबड़ा जयपुर ने प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती हुई।

## खबर संक्षेप

### आज निकलेगा वृहद पथ संचलन

**हटा।** नगर हटा खंड का नगर के एमएलबी स्कूल ग्राउंड पर रविवार के दिन बर्ष प्रतिपदा उत्सव के उपलक्ष्य में वृहद पथ संचलन एवं शारीरिक प्रधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पथ संचलन एमएलबी स्कूल से प्रारंभ होकर थाना मंदिर चौराहा राय चौराहा नायक तिगड्डा से होते हुए मुख्य मार्ग खचना नाका से आरंभ स्थल पहुंचेगा जहां कार्यक्रम का समापन होगा।

### युवक ने पुल से कूद कर जान दीं

**दमोह।** हिण्डोरिया थाना क्षेत्र के बांदकपुर चौकी अंतर्गत घाट पिपरिया अंतर्गत एक युवक द्वारा पुल से कूद कर आत्महत्या करने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही बांदकपुर पुलिस के लिए जानकारी दी गई। आत्महत्या का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का नाम कृष्ण अहीरवाल घाट पिपरिया निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 20 करोड़ के व्यय की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी की पहल पर संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति की अनुशंसा अनुसार रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह के उन्नयन एवं विकास कार्यो के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित राशि 20 करोड़ के व्यय की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नपा द्वारा भगवा ध्वज को हटवाने पर हिंदु संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

# संगठन के पदाधिकारियों ने नपा सीएमओ के मुंह पर पोती स्याही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





हृदयस्थल घंटाघर पर ध्वज निकलवाने व हो रही साज सज्जा को रोकने को लेकर हिंदु संगठनों ने नपा सीमएओ के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसी को लेकर आक्रोशित दो पदाधिकारियों ने सीएमओ प्रदीप शर्मा के आवास पर पहुंचकर उन्हे बाहर बुलाकर उनके मुंह पर काली स्याही पोत दी। हिंदू संगठन और नगर पालिका के भाजपा के पार्षदों द्वारा दमोह के हृदय घंटाघर पर चक्का जाम कर सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन चालू कर दिया।

इसी बीच इस घटना के बाद जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने आनन फानन में हिंदु संगठनों सहित अधिकारियों की बैठक बुलाकर आपसी सामंजस्य बनाकर मामले को शांत करने की पहल की एवं घटन की जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

दरअसल हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य पर देर रात हिंदू संगठन द्वारा दमोह के हृदय स्थल घंटाघर पर झंडे लगाए जा रहे थे। जिस पर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा आकर झंडा हटाने की कार्यवाही की गई। जब संगठन के लोगों द्वारा कर्मचारियों से पूछा गए तो उन्होंने बताया गया कि यह कार्यवाही नगर पालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा के आदेश पर की जा रही है। जानकारी मिलते ही हिंदु संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। हर वर्ष हिंदु नव वर्ष पर घंटाघर पर विशेष सजावट की जाती है एवं ह्दयस्थल को भगवा ध्वजों से सजाया जाता है जिसको लेकर इसके पूर्व कभी भी ऐसा कोई विवाद नपा प्रशासन और संगठनों के बीच देखने नहीं मिला। जब शनिवार सुबह नपा द्वारा झंडे निकालने की कार्यवाही की गई तो हिंदु संगठनों ने आक्रोशित होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी बीच दो पदाधिकारियों ने पहुंचकर सीएमओ प्रदीप कुमार शर्मा के आवास पहुंचकर उनके मुंह पर काली स्याही पोत दी। वीडिया में सीएमओ द्वारा अपना बीच बचाव करते हुये सीएसपी को भी जानकारी देते हुये सुरक्षा की मांग करते हुये नजर आये। इसके बाद पूरे शहर में इस घटना की जानकारी फैल गई जो वहीं हिंदु संगठनों ने घंटाघर पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान भाजपा के पार्षद भी पहुंचे और उन्होने नगर पालिका सीएमओ पर विभिन्न आरोप लगाये। हिंदु संगठनों की मांग थी कि सीएमओ द्वारा माफी मांगी जाये एवं पुनः सारी सजावट कराई जाये पुलिस प्रशासन ने अलर्ट होकर तत्काल मौके पर पहुंच कर सभी लोगों को कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों द्वारा चक्का जाम खोला

### कलेक्टर ने ली बैठक

हिंदू नव वर्ष और ईद-उल-फितर जैसे बड़े त्योहार पर मामला गरमाते देख पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जैसे ही स्याही पटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो शहर में चर्चा का विषय बन गया। तत्काल ही कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा कलेक्ट्रेट के सभागार में पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा, एसडीएम दमोह आर एल बागरी, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी के साथ, हिंदू संगठन के पदाधिकारियों, नगर पालिका के भाजपा पार्षदरों की बैठक बुलाई। जिसमें पूरे घटनाक्रम पर चर्चा की गयी, साथ ही 10 अप्रैल तक दोषियों पर कार्यवाही करने का कलेक्टर द्वारा आश्वासन भी दिया गया। कलेटर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। तत्काल ही हम सभी पार्टियों को शोकॉल नोटिस जारी करेंगे और एक हाई लेवल जाँच कमेटी बनाकर पूरी जांच करवाएंगे।

### संपूर्ण तथ्यों की विस्तृत एवं सूक्ष्म जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए तीन सदस्यीय जांच दल गठित

**दमोह।** 29 मार्च 2025 को दमोह नगर स्थित घंटाघर चौक पर चैत्र नव वर्ष के अवसर पर लगाए गए धार्मिक ध्वजों को हटाए जाने की घटना एवं इस घटना से जुड़े अन्य संपूर्ण तथ्यों की विस्तृत एवं सूक्ष्म जाँच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। गठित दल में अपर जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम अध्यक्ष तथा अनुविभागीय दण्डाधिकारी उप संभाग हटा राकेश सिंह मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) उप संभाग हटा प्रशांत सिंह सुमन सदस्य नियुक्त किये गये है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कोचर ने कहा है जाँच दल उक्त घटनाक्रम की पूर्ण जाँच करते हुए अपना जाँच प्रतिवेदन स्पष्ट अनुशंसाओं सहित 10 अप्रेल 2025 तक समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगा। जॉच की कार्यवाही के दौरान जाँच दल सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना-पत्र जारी करके आहूत कर सकेगा और उनका पक्ष श्रवण करेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त जॉच दल जिस प्रकार वह आवश्यक एवं समुचित समझे, जॉच की कार्यवाही कर सकेगा। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जाँच दल को घटना के सभी पहलुओं से जुड़े कॉल रिकार्ड- सी.सी.टी.व्ही फुटेज, सोशल मीडिया कंन्टेन्ट एवं विडियोज आदि साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएगें।

### हिंदू नव वर्ष आज, विक्रम संवत 2082 का होगा शुभारंभ

# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज से शुरू होगा चैत्र नवरात्र पर्व

### तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही रखा जाएगा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आज रविवार से आरंभ होगी जो 6 अप्रैल तक चलेगी। नवरात्रि की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि सहित कई शुभ योग मंम हो रही है। वहीं इस बार तृतीया तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा। चैत्र नवरात्रि की तैयारी नगर के प्रसिद्ध मां चंडी जी मंदिर मां पीतांबरा पीठ, मां शीतला मंदिर में जोर-शोर से की जा रही है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ ही रंग-रोगन का काम पूर्ण कर लिया गया है । घट स्थापना अभिजित मुहूर्त में कर हर दिन देवी की अलग-अलग रूपों की पूजा की जाएगी।इस दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में इस बार 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा, लेकिन माता के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। द्वितीया और तृतीया तिथि 31 मार्च को एक ही दिन लग रही है, इसलिए तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। इस कारण चैत्र नवरात्रि पर 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा। नगर के देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों के लिए कोई परेषानी आने-जाने में ना हो इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था विशेष तौर से कराई जा रही है जिससे माता के भक्त नौ दिनों तक अपनी श्रद्धा उपासना के साथ जल अर्पित व संध्याकालीन आरती में कोई परेशानी न हो इसी के साथ नगर के देवी दिवालों पर जवारे घट स्थापना की जावेगी जहां नौ दिनों तक माता की उपासना भक्तों द्वारा की जाती है।मां पीतांबरा मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और इस योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी मातारानी हाथी पर सवार होकर आयेगीं जो बड़ा ही शुभ माना जाता है।

### आज आचार्य श्री समयसागर जी के करकमलों से प्रदान की जाएगी दीक्षाएं

**कुंडलपुर दमोह।** विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ कुण्डलपुर की पावन धरा पर महासमाधि धारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परंपराचार्य आध्यात्म विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के करकमलों से प्रथम बार दीक्षाएं प्रदान की जाएगी। 30 मार्च 2025 चैत शुक्ल प्रतिपदा रविवार को प्रातः 7:30 बजे श्री बड़े बाबा जी मंदिर परिसर कुण्डलपुर में भव्य दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया है ।इसके पूर्व संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के करकमलों से सन 1976 से लेकर सन 2022 तक अनेक दीक्षाएं कुंडलपुर की पावन वसुंधरा पर प्रदान की गई है ।कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर पुन्यार्जन का अनुरोध किया है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश को दी भावभीनी विदाई

**दमोह।** न्यायपालिका में अपनी कर्तव्यनिष्ठ सेवा देने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद तिवारी के स्थानांतरण पर शासकीय अधिवक्ता कार्यालय में एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों ने श्री तिवारी जी के न्यायिक कार्यों और उनकी निष्पक्ष न्याय प्रणाली की भूरी-भूरी प्रशंसा की। समारोह में उपस्थित शासकीय अधिवक्ता मुकेश जैन, राजीव बद्री सिंह ठाकुर, गिरीश राठौर, सूरज ताम्रकार, राजकुमार सोनी, राजेन्द्र यादव ने कहा कि श्री आनंद तिवारी जी के कार्यकाल में न्यायिक सिद्धांतों को मजबूती से लागू किया गया और कानून के प्रति उनकी निष्पक्षता अनुकरणीय रही। अन्य अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने भी उनके कुशल प्रशासन और न्यायिक दक्षता की सराहना की।

### न्यायिक सेवा का गौरवपूर्ण समापन

**दमोह।** शासकीय अधिवक्ता कार्यालय में प्रधान आरक्षक (मोहर्रर) मनोहर तिवारी के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनकी वर्षों की अथक सेवा और समर्पण को भावभीनी विदाई दी गई। मनोहर तिवारी ने अपने लंबे कार्यकाल में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनकी अनुशासनप्रियता एवं कर्तव्यनिष्ठा को सभी ने सराहा। इस मौके पर उपस्थित समस्त शासकीय अधिवक्ता,अधिकारियों और सहकर्मियों ने श्री तिवारी जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। यह विदाई समारोह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि न्यायिक सेवा के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक था।

# नायब तहसीलदार ने रजपुरा में गल्ला से भरी पिकअप पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने भृमण के दौरान रजपुरा में गल्ला से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़ा। नायब तहसीलदार ने पिकअप को रोककर जब गल्ला परिवहन सम्बंधित दस्तावेजों की जांच की तो मौके पर चालक के पास कोई वेध दस्तावेज नही मिलने पर हटा मंडी कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया और अनाज की जांच कराई गई जो की दूसरे जिले में परिवहन होना पाया गया। नायब तहसीलदार के निर्देश पर मंडी कर्मचारियों ने रजपुरा थाना पुलिस को बुलाकर पिकअप रजपुरा थाना में रखवाई और वाहन में भरे गल्ला से सम्बंधित खरीद विक्रय की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि हटा में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से व्यापारियों के सहयोग से कृषि उपज मंडी हटा में डाक व्यवस्था चालू कराई गई है। जिसमें गल्ला व्यापारियों से मंडी में खरीद विक्रय करने की अपील भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई है। बावजूद कुछ स्थानों से दूसरे जिलों में गल्ला भेजने की शिकायते प्रशासन को प्राप्त हो रही थी जिसके तारतम्य में यह कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के निर्देशन में लगातार इस प्रकार की कार्रवाईया जारी रहेगी ताकि हटा मंडी सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को सही और उचित दाम मिल सके।

# शाला माडिया टिकैत का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**पटेरा।** संकुल केंद्र पटेरा,जैक कुम्हारी के अंतर्गत शास. एकीकृत माध्यमिक शाला माडिया टिकैत का कक्षा 5th व 8th का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा/ परीक्षा में शामिल कक्षा 5वी में सात बच्चों में से एक A ग्रेड में पांच B ग्रेड में एक C ग्रेड में उत्तीर्ण हुआ! वही कक्षा आठवीं में A ग्रेड में सात,b+ में 6व B ग्रेड में 10 बच्चे उत्तीर्ण हुए। शिक्षक अमित जैन, राजेश कोरी, लेखराम ताम्रकार, टेक सिंह, अतुल चौबे को समस्त ग्रामवासियों, अभिभावकों, संकुल प्राचार्य, श्री जे एस सर, बी ई ओ मुकेश गुजरे, शिक्षक मुलायम सिंह राजपूत ने शुभकामनाएं बधाई दी।

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह एडीजे तृतीय न्यायाधीश सुश्री महिमा कछवाहा आरोपी मोहसिन खान पिता फैयाज खान, निवासी वार्ड नंबर 7 सोमवारा मोहल्ला, थाना हिंडोरिया को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 304 बी10 वर्ष का कारावास, 498ए, के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। अभियोजन मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि आरोपी मोहसिन ने 12 अप्रैल 2023 को अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दहेज की माँग पर से उसका गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। उक्त पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी मोहसिन खान को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा 304बी10 वर्ष का कारावास, 498ए,3 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्री गिरीश राठौर द्वारा की गई ।

# साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह में सत्यमोहन वर्मा को किया गया सम्मानित



**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में मानस भवन में साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहे, अध्यक्षता म.प्र. लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने की एवं विशिष्ट अतिथि अजय टंडन रहे। अतिथियों द्वारा मंचासीन होने से पूर्व स्मृति शेष साहित्यकारों के छायाचित्रों व उनकी रचनाओं का अवलोकन किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं डॉ. रघुनंदन चिले द्वारा शंख वादन से हुआ। सरस्वती वंदना पुष्पा चिले ने प्रस्तुत की, इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत साहित्यकारों द्वारा किया गया। वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर द्वारा स्मृति शेष रचनाकारों के बारे में, डॉ. रघुनंदन चिले ने सत्यमोहन वर्मा की रचनाओं के बारे में जानकारी दी, नन्हे सिंह ठाकुर ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया, पीएस परिहार एवं गणेश राय द्वारा काव्य पाठ किया गया। अतिथियों द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार सत्यमोहन वर्मा का सम्मान किया गया, श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेरा नहीं, हिंदी का सम्मान है। विशिष्ट वक्तागण में प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी ने कहा कि जहां करुणा होती है वहां अनुभूति होती है तथा इस अनुभूति से साहित्य का सृजन होता है। विशिष्ट अतिथि अजय टंडन ने कहा कि यहां के रचनाकारों ने यह दिखाया है कि दमोह में साहित्य जिंदा है। सारस्वत अतिथि डॉ. श्याम सुंदर दुबे ने कहा कि साहित्य व संस्कृति मानवता का आधार है। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने बताया कि साहित्य को जनमानस की जुबान कहा जाता है, स्मृति शेष साहित्यकारों के छायाचित्र एवं रचनाओं का प्रदर्शन निश्चित ही एक उत्कृष्ट कार्य है। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है, स्वतंत्रता संग्राम में भी साहित्यकारों की बड़ी भूमिका रही, साहित्य समाज को सही दिशा दिखाता है। समारोह के अंत में राज्य मंत्री सहित अतिथियों ने पुस्तक दीर्घा "हमारा रचना संसार" का अवलोकन किया। समारोह का संचालन अमर सिंह राजपूत एवं बीएम दुबे ने किया तथा आभार अनिल जैन ने माना।

### जल गंगा संवर्धन अभियान' को लेकर बैठकः बटियागढ़ में अधिकारियों, जनप्रतिनिधि और पत्रकारों से ने की चर्चा

**बटियागढ़ ।** प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इस अभियान की तैयारियों को लेकर बटियागढ़ जनपद पंचायत कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जनपद अध्यक्ष मंगल कुशवाहा, सीईओ अश्विनी कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला और शहजादपुरा सरपंच नरेन्द्र कटारे की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीईओ सिंह ने बताया कि बटियागढ़ तहसील में कुल 59 ग्राम पंचायतें हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में ग्राम पंचायत बटियागढ़ ने एक अनूठी पहल की है। यहां जुड़ी नदी का गहरीकररण क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से पिछले किया गया था। जिसकी वजह से आज जूड़ी नदी में पानी है। बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में किए गए जल संरक्षण कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने अभियान से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं। जिसमें बटियागढ़ जनपद क्षेत्र की सभी पंचायतों में जल संरक्षण के लिए कार्य किये जायेंगे और सभी पंचायतों में सफाई अभियान किया जायेगा।बैठक में एपीओ आर के चौबे, एई कमलेश चौधरी, उपयंत्री समीर खान, रचना चौरसिया, तंतुवाय, विनय तिवारी, अनुराग सिंह, युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष अंकित राजपूत, संतोष चौधरी, अनवर खान सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**हिण्डोरिया।** संकट रामनवमी पर्व एवं ईद उल फितर पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शांति समिति की



बैठक का आयोजन किया गवाह। बैठक का संचालन एसडीओपी पथरिया रघु केसरी, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह , थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर द्वारा किया गया। बैठक में रामनवमी पर्व एवं ईद उल फितर पर्व परंपरागत ढंग से आपसी सद्भाव पूर्ण वातावरण में शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए बनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक , जनप्रतिनिधि एवं मीडिया मित्र मौजूद रहे।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामले में आरोपी की अपील खारिज

### रिश्तेदार साक्षी होने मात्र से विश्वसनीयता प्रभावित नहीं, न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से एक व्यक्ति की मृत्यु होने के मामले में अधीनस्थ न्यायालय से दोषी होकर दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए के जुर्माने से दंडित आरोपी की अपील खारिज करते हुए उसे पांच हजार रुपए का जुर्माना सहित दो वर्ष का सश्रम कारावास भुगताए जाने का दंडादेश पारित किया है।अपील न्यायलय में म.प्र.शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई। मामला इस प्रकार था दिनांक 9 नवंबर 2015 को शाम 4 बजे तेंदूखेड़ा रोड पर आशीष अहिरवार, गुड्डा जैन की दुकान के सामने खड़ा था, तभी तेंदूखेड़ा तरफ से ट्रक चालक सुरेंद्र विश्वकर्मा पिता रामप्रसाद (40) निवासी तेजगढ़ ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाकर आशीष को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही आशीष की मृत्यु हो गई पुलिस ने ट्रक चालक सुरेंद्र को गिरफ्तार कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण की संपूर्ण साक्ष्य पर विचार करने पश्चात एवं दोनों पक्षों के तर्क सुनने के पश्चात विचारण न्यायालय ने ट्रक चालक सुरेंद्र पिता राम प्रसाद विश्वकर्मा के द्वारा तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर आशीष को टक्कर मारकर मृत्यु करने का दोषी मानते हुए भादवि की धारा 304 ए का दोषी मानते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए के जुर्माना से दंडित किया। मामले की अपील अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में इस आधार पर की गई कि प्रकरण में सभी साक्षी मृतक के रिश्तेदार हैं साथ ही मृतक सुनने और बोलने में असमर्थ होने से ट्रक की आवाज नहीं सुन सका इसलिए दुर्घटना में वाहन चालक की कोई गलती नहीं है। न्यायालय ने इन तर्कों के परिपेक्ष्य में माना मृतक भले ही सुनने एवं बोलने में असमर्थ था परंतु यह नहीं माना जा सकता कि ट्रक चालक की सावधानी और सतर्कता से घटना टाली जा सकती है। वहां के संचालन करने की अपेक्षा सावधानी और सतर्कता कि उसे समाप्त नहीं होती है। प्रकरण में भले ही सभी साक्षी मृतक के रिश्तेदार हैं इस संबंध में न्यायालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत को निर्णय में लेख किया जिसमें माना गया है कि साक्षियों की रिश्तेदारी किसी गवाह की साक्ष्य को अविश्वसनीय मानने का आधार नहीं हो सकती परन्तु ऐसी साक्ष्य पर सावधानी पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। रिश्तेदारी किसी भी गवाह की विश्वसनीयता प्रभावित नहीं करती है। न्यायाधीश द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तेंदूखेड़ा द्वारा पारित निर्णय को सही मानते हुए आरोपी की अपील खारिज कर दण्डादेश भुगताएं जाने का निर्णय पारित किया।